एक नजर में

## लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी का शपथ विधि समारोह



**इंदौर**. लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी का संस्थापन समारोह एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय रूप से संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी रहे. शपथ अधिकारी के रूप में लायंस इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी डॉ. कुलभूषण मित्तल जी उपस्थित रहे. समारोह में क्लब अध्यक्ष लायन रिंकी जयसिंघानी चुग ने मुख्य अतिथि शंकर लालवानी एवं शपथ अधिकारी डॉ. कुलभूषण मित्तल जी को सात घोड़ों की सुंदर पेंटिंग भेंट की. यह भेंट पीडीजी लायन एस.पी. नामदेव, वरिष्ठ सदस्य लायन दिनेश रणधर एवं लायन विनोद व्यास, उपाध्यक्ष के सानिध्य में दी गई। इस अवसर पर वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित सचिव लायन अशोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन राजेश पाल व अन्य पदाधिकारियों ने भी सेवा एवं निष्ठा की शपथ ग्रहण की.

## जैन समाज ने कमिश्नर कार्यालय पर ज्ञापन दिया



**इंदौर**. मेनका गांधी द्वारा दिगम्बर जैन धर्म, दिगम्बर जैन साधु-संत परम्परा की पवित्र धार्मिकता प्रतीक मयूर पिच्छी के सम्बन्ध में सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक एवं तथ्यहीन वक्तव्य द्वारा की गई. टिप्पणी से पूरा जैन समाज आहत हुआ है, इसके विरोध में कमिश्नर कार्यालय इंदौर पर दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद, दिगम्बर जैन महासमिति, तथा भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी मध्यांचल के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा ज्ञापन दिया गया। मांग की गई कि वह जैन संतो से व जैन समाज से माफी मांगे अन्यथा अतिशीघ्र कानूनी कार्यवाही की जाएगी. इस अवसर पर सामाजिक संसद के पूर्व अध्यक्ष कैलाश वेद, कार्यध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, महामंत्री देवेन्द्र सोगानी, संगठन मंत्री जैनेश झांझरी, तीर्थ क्षेत्र कमेटी मध्यांचल अध्यक्ष डी.के.जैन, महासमिति सम्भागीय अध्यक्ष वीरेन्द्र बड़जात्या, प्रवीण पाटनी, महावीर बैनाड़ा, आनन्द कासलीवाल, प्रमोद पापड़ीवाल, ऋषभ पाटनी, कैलाश सेठी, निलेश सेठी, सुदीप जैन मुकेश दोशी, दिलीप लुहाड़िया, मयंक जैन,आलोक जैन, सुनील जैन ईशान,जितेंद्र बड़जात्या,आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

## आचार्य विजय नित्यसेन की जीवंत प्रतिमा प्रतिष्ठित



**इंदौर**. धर्मधरा कुक्षी के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण रहा, जब प्रतिष्ठाचार्य एवं वर्तमान गच्छाधीपति आचार्य भगवंत श्रीमद विजय नित्यसेन सुरिश्वरजी की पूरे भारतवर्ष में प्रथम जीवंत प्रतिमा का प्रतिष्ठा महोत्सव पंचतीर्थ कुक्षी में विधि-विधान, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हुआ. राजेश जैन युवा ने बताया कि यह ऐतिहासिक प्रतिष्ठा श्रीसंघ कुक्षी की आज्ञा एवं अनुमोदना से सम्पन्न हुई. इस पावन अवसर पर लुणाजी केसरीमलजी अम्बोर (राजमंदिर) परिवार को प्रतिमा प्रतिष्ठा का लाभ प्राप्त हुआ. प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मंदिर परिसर जयघोष, मंगल ध्वनि एवं धार्मिक वातावरण से गुंजायमान रहा. श्रद्धालुओं ने इसे जैन समाज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि आचार्यश्री की प्रथम जीवंत प्रतिमा की प्रतिष्ठा का सौभाग्य कुक्षी को प्राप्त होना पूरे नगर एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है. नरेंद्र राठौर ने बताया कि यह प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गुरुभक्ति, आस्था एवं समर्पण का अनुपम प्रतीक है। इस ऐतिहासिक आयोजन ने पंचतीर्थ कुक्षी की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया.

## मालवा जर्नलिस्ट फोरम की बैठक संपन्न



**इंदौर**. मालवा जर्नलिस्ट फोरम की बैठक एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमो में सदस्यों की सहभागिता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई. अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह थनवार ने संस्था की गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई. सचिव प्रवीण जोशी ने बताया कि पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए फोरम हमेशा प्रतिबद्ध है और उनके अधिकारों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी. पत्रकारों के स्वास्थ्य , मनोरंजन और उनके कौशल विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस अवसर पर सदस्यों ने अपने सार्थक विचार और महत्वपूर्ण सुझाव रखे. बैठक में उपाध्यक्ष सरिता शर्मा, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन सिंह राजपूत, गिरीश कानूनगो, अशोक शर्मा, कल्याणसिंह चांदना, रामकिशोर लोवंशी, सुल्तान किरमानी, दिनेश देशमुख,सुधीर वर्मा, शुभम अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे.

## साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी



**इंदौर**. सदर बाजार पुलिस ने मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया. थाना परिसर में संध्याकालीन गणना के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने साइबर सुरक्षा संबंधी बैनर व तख्तियां लेकर सदर बाजार मेन रोड, मराठी मोहल्ला, बड़वाली चौकी और इमली बाजार चौराहे तक पैदल भ्रमण किया. इस दौरान मराठी मोहल्ला में मोहल्ला समिति की बैठक लेकर नागरिकों को साइबर फॉड, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी और अन्य साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए. साथ ही अज्ञात स्रोत से आने वाले लिंक, मैसेज और एपीके फाइल पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी. मामले में थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि सेफ क्लिक 2.0 अभियान का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है. थोड़ी सी सतर्कता बड़ी आर्थिक हानि से बचा सकती है. किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, एपीके फाइल या ऑनलाइन ऑफर पर भरोसा न करें. यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो बिना देरी किए 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर राशि होल्ड कराई जा सके.

# लसूड़िया थाना बना क्राइम हॉट स्पॉट, 6 माह में 1052 एफआईआर दर्ज

- हर महीने औसतन 175 अपराध होते हैं दर्ज
- हत्या, लूट, चोरी के मामलों में अव्वल बना हुआ है थाना




नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर का सबसे बड़ा और पॉश थाना क्षेत्र माने जाने वाला लसूड़िया इन दिनों अपराधों का हॉट स्पॉट बन गया है. इस वर्ष के पहले छह माह में यहां 1052 एफआईआर दर्ज हुई हैं. यानी हर महीने औसतन 175 प्रकरण दर्ज हो रहे हैं. यह आंकड़ा शहर के कई अन्य थानों की तुलना में तीन गुना से भी अधिक है. हत्या, लूट, चोरी से लेकर वाहन चोरी तक के मामलों में यह थाना सबसे आगे बना हुआ है.**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में बड़े मॉल, होटल, बार और तेजी से विकसित हो रही टाउनशिप हैं. लगातार बढ़ती आबादी के साथ अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ा है. सबसे अधिक चिंता वाहन चोरी को लेकर है. सोमवार को भी एक ही दिन में संस्कार सेन, भरत सूर्यवंशी, सुभाष मेवाती और अभिषेक बसेरे के वाहन चोरी हो गए. पिछले कई दिनों से यहां रोजाना तीन या उससे अधिक वाहन चोरी के मामले दर्ज हो रहे हैं.

सूत्रों का मानना है कि वाहन चोरी की अधिकांश वारदातों के पीछे देवास का कंजर गिरोह सक्रिय है. इसके बावजूद लगातार हो रही चोरियों से लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है. पुलिस गिरोह पर कार्रवाई का दावा कर रही है, लेकिन चोरी की घटनाओं पर अभी तक प्रभावी अंकुश नहीं लग सका है. बढ़ते अपराधों को देखते हुए पुलिस ने वर्षों पहले लसूड़िया थाना क्षेत्र का दायरा कम कर महालक्ष्मीनगर थाना बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा था. लंबे समय तक फाइलों में अटका यह प्रस्ताव अब आगे बढ़ा है. हाल ही में मुख्य सचिव ने शहर में तीन नए थाने खोलने को मंजूरी दी है. इनमें महालक्ष्मीनगर थाना भी शामिल है. नए थाना शुरू होने के बाद लसूड़िया का भार कम होने और अपराध नियंत्रण व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है.

> **एक नजर में लसूड़िया थाना क्षेत्र...**
>
> पिछले छह माह में1052 एफआईआर दर्ज हुई है. हर माह औसतन केस 175 शहर में वाहन चोरी का सबसे संवेदनशील थाना क्षेत्र, सोमवार को एक ही दिन में 4 वाहन चोरी, नए महालक्ष्मीनगर थाना को मंजूरी, जल्द शुरू होने की उम्मीद.

## घूरने का आरोप लगाकर नाबालिग से मारपीट

**इंदौर.** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग पर घूरने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट करने और जबरन माफी मंगवाकर वीडियो बनाने का मामला सामने आया है. घटना के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. मजेस्टिक नगर, खजराना निवासी 17 वर्षीय नाबालिग ने शिकायत में बताया कि वह संचार नगर स्थित माय कार बाजार के पास खड़ा था. इसी दौरान शहनवाज, मोहम्मद आशिफ शेख और आरिस रैयान वहां पहुंचे और उस पर घूरने का आरोप लगाने लगे. नाबालिग ने आरोप से इनकार किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया.

## कर्मचारियों के लिए श्रम विभाग द्वारा नई न्यूनतम वेतन दरें जारी

**इंदौर.** मध्यप्रदेश श्रम विभाग ने राज्य के अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए संशोधित न्यूनतम वेतन दरें लागू की हैं. उप श्रमायुक्त ने बताया कि नई वेतन दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। सभी नियोजकों, उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं ठेकेदारों को कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम वेतन तथा समय-सीमा के भीतर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार सामान्य श्रेणी के कर्मचारियों के लिए मासिक न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है, जिसमें अकुशल के लिये 12,425, अर्द्धकुशल के लिये 13,421, कुशल के लिये 15,144 और उच्च कुशल के लिये 16,769 रुपए वेतन निर्धारित किया गया है. श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना कानून का उल्लंघन है। साथ ही पेमेंट ऑफ वेजेस एक्ट 1936 के अनुसार 1,000 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में वेतन अवधि समाप्त होने के सातवें दिन तक तथा 1,000 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में दसवें दिन तक वेतन का भुगतान किया जाना अनिवार्य है. यदि किसी कर्मचारी, जिसमें आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल हैं, को निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया जाता है या समय पर वेतन नहीं मिलता है, तो वह श्रम विभाग की श्रमिक हेल्पलाइन 1800-233-8888 पर शिकायत दर्ज करा सकता है.

## आईसीजेएस क्रियान्वयन में इंदौर की फिंगर प्रिंट यूनिट प्रदेश में तीसरे स्थान पर



नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) के क्रियान्वयन में इंदौर पुलिस की फिंगर प्रिंट यूनिट ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है. पिछले एक वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में यह उपलब्धि मिली.**

इंदौर पुलिस की फिंगर प्रिंट यूनिट ने आईसीजेएस के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित आईसीजेएस इम्प्लीमेंटेशन एंड डिजिटल इंटीग्रेशन वर्कशॉप में पिछले एक वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर जिलों का मूल्यांकन किया. मूल्यांकन में थानों और न्यायालयों में तैयार फिंगर प्रिंट स्लिप, घटनास्थलों के निरीक्षण, एमसीयू एंट्री और एनएएफआईएस के माध्यम से ट्रेस किए गए मामलों सहित पांच मानकों को शामिल किया. इन सभी बिंदुओं पर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर इंदौर की फिंगर प्रिंट यूनिट को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला. कार्यशाला में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर ने इंदौर पुलिस को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया. इंदौर पुलिस की ओर से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) सीमा अलावा और फिंगर प्रिंट यूनिट की टीम ने सम्मान प्राप्त किया. पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर फिंगर प्रिंट यूनिट के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सीमा अलावा ने भी टीम के प्रदर्शन की सराहना की.

## छात्र की पहल बनेगी महिला सशक्तिकरण का डिजिटल माध्यम



**महू.** विक्रांत कॉलेज इंस्टिट्यूट में महिला सशक्तिकरण को लेकर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सरकारी योजनाओं, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन से जुड़ी जानकारी सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित सेवा सूचना मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ महू के विक्रांत कॉलेज के सभागृह में आयोजित एक गरिमामय समारोह में किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा संस्था मध्य प्रदेश संस्थापक मनोरमा जोशी, विशेष अतिथि शिखा जोशी, महासचिव, सेवा संस्था सेवा भारत तथा मिनी शर्मा (सीईओ, सेवा क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसाइटी), राजमणि स्वामी (वरिष्ठ सेवा प्रतिनिधि) एवं अन्नपूर्णा प्रजापति (वरिष्ठ सेवा प्रतिनिधि) सहित सेवा प्रबंधन, स्वयंसेवक, सदस्य एवं परियोजना सहयोगी उपस्थित रहे.

सेवा सूचना ऐप का विकास विक्रांत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, इंदौर द्वारा किया गया है. इसकी संकल्पना दुबई कॉलेज (यूएई) के कक्षा 12 के छात्र आदित्य सिंह तोमर ने वर्ष 2024 में सेवा मध्य प्रदेश में इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर की. फील्ड विजिट के दौरान उन्होंने महसूस किया कि सरकारी योजनाओं, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी अनेक महिलाओं तक समय पर और सरल रूप में नहीं पहुंच पातीं. इसी चुनौती को देखते हुए आदित्य ने एक ऐसे सरल डिजिटल प्लेटफॉर्म की परिकल्पना की, जो महिलाओं तक आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर आसानी से पहुंचा सके. इस पहल की शुरुआत सेवा सेतु नाम से हुई, जिसे बाद में विकसित कर सेवा सूचना नाम दिया गया. इस एप्स को आदित्य सिंह तोमर के साथ शिखा जोशी, संतोष मालवीय, निकिता त्रिवेदी, कविता बेन एवं सेवा मध्य प्रदेश की टीम के मार्गदर्शन तथा विक्रांत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नितिन सिंह, प्रो. डॉ. सनमती कुमार जैन, आईटी विभागाध्यक्ष एवं उनकी तकनीकी टीम के सहयोग से विकसित किया गया.

## स्टेशन पर सो रहे यात्री का मोबाइल चुराया

### जीआरपी-आरपीएफ ने भाग रहे चोर को दबोचा

**इंदौर. रेलवे स्टेशन पर सो रहे यात्री का मोबाइल चोरी कर भागे शातिर बदमाश को जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के कब्जे से दो चोरी के मोबाइल फोन, जिनकी कीमत 36 हजार रुपए है, बरामद किए हैं.**

आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया. गुजरात निवासी महेश भाई उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 स्थित मुसाफिरखाना बुकिंग विंडो के पास आराम कर रहे थे. इसी दौरान उनकी नींद का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश 24 हजार रुपए कीमत का सैमसंग मोबाइल चोरी कर फरार हो गया. शिकायत मिलते ही जीआरपी ने मामला दर्ज कर आरपीएफ के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया. सूचना के आधार पर नागदा की ओर रेलवे आउटर पर घेराबंदी कर श्यामपुरा निवासी विक्रम सिंह उम्र 30 साल को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी में आरोपी के पास से फरियादी का चोरी का सैमसंग मोबाइल और 12 हजार रुपए कीमत का एक रेडमी मोबाइल भी मिला. जांच में सामने आया कि दूसरा मोबाइल भी जीआरपी में दर्ज पुराने चोरी के प्रकरण का है. आरोपी के खिलाफ पहले से मारपीट और छेड़छाड़ के मामले दर्ज हैं तथा वह नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था.

## जीआरपी के नवपदस्थ आरक्षकों का डिजिटल पुलिसिंग प्रशिक्षण



नव भारत न्यूज

**इंदौर. जीआरपी इंदौर में सोमवार से सीसीटीएनएस, ई-रक्षक एप और आईसीजेएस विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ. प्रशिक्षण में विभिन्न थानों, चौकियों और आरआरपी लाइन के 10 नवपदस्थ आरक्षकों को डिजिटल पुलिसिंग से जुड़े सिस्टम की जानकारी दी जा रही है.**

पुलिस अधीक्षक रेल अरविंद तिवारी के निर्देशन में आरआरपी लाइन स्थित सीसीटीएनएस प्रशिक्षण लैब में आयोजित प्रशिक्षण में नवपदस्थ आरक्षकों को सीसीटीएनएस, ई-रक्षक एप और इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) के संचालन की जानकारी दी. प्रशिक्षण के दौरान ई एफआईआर और क्राईमैक (क्रि-मैक) पोर्टल के उपयोग और अपराधियों की पहचान व सूचना के तुरंत आदान प्रदान की प्रक्रिया भी समझाई गई. अधिकारियों ने बताया कि बदलती तकनीक के अनुरूप पुलिस कर्मियों को डिजिटल सिस्टम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि जांच और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सके.

## महिला को बाइक पर ले जा रहे युवक की पिटाई

### वीडियो वायरल, मोबाइल में आपत्तिजनक सामग्री होने का दावा



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगीन नगर इलाके में एक युवक की डंडे से पिटाई का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, घटना के दौरान युवक मौके से भाग निकला. विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि युवक एक विवाहित महिला को बहला फुसलाकर ले जा रहा था. मामले की शिकायत चंदन नगर थाने में करने की बात कही गई है.**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक स्थानीय लोगों ने एक युवक को महिला के साथ बाइक पर जाते हुए रोक लिया. सूचना मिलने पर महिला का पति भी मौके पर पहुंच गया और युवक की डंडे से पिटाई कर दी. इस दौरान युवक वहां से भाग निकला. बताया जा रहा है कि उसका मोबाइल मौके पर ही छूट गया. विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक समरसता प्रमुख तन्नू शर्मा ने बताया कि युवक हिंदू महिला को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जा रहा था.

उनका दावा है कि युवक के मोबाइल में कई महिलाओं से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं. संगठन ने मोबाइल की जांच कर कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि अन्य महिलाओं को भी निशाना बनाया हो सकता है. विहिप पदाधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी और मोबाइल की फोरेंसिक जांच कराने की मांग की है. देर रात चंदन नगर थाने में शिकायत देने की बात कही गई. मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि या बयान सामने नहीं आया है.

## कर्मचारियों की जानकारी नहीं देने वाले 3 मोबाइल दुकानदारों पर केस

**इंदौर.** कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन नहीं कराना जेल रोड के तीन मोबाइल दुकानदारों को महंगा पड़ गया. एमजी रोड थाना पुलिस ने जांच अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सोमवार को जेल रोड स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की. इस दौरान दुकानों पर काम कर रहे कर्मचारियों के सत्यापन और उनकी सूचना संबंधी रिकॉर्ड मांगे गए. जांच में सूरज मोबाइल, कृष्णा मोबाइल एंड एसेसरीज और सोनी मोबाइल के संचालक कर्मचारियों की जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके. एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि होटल, दुकान और अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन कर उनकी सूचना संबंधित थाने में देना अनिवार्य है. नियमों का पालन नहीं मिलने पर तीनों दुकान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है.

### सार्वजनिक स्थान पर लघुशंका के विवाद में दो भाइयों को पीटा

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर लघुशंका करने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. तीन युवकों ने दो सगे भाइयों पर डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए. घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.श्रीनगर काकड़ निवासी शाहनवाज शाह ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे भाई अजहर का बड़ला निवासी जुन्ना उर्फ जुनैद, जावेद और रियाज से लघुशंका करने की बात को लेकर विवाद हो गया. कुछ ही देर में तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते डंडों से हमला कर दिया.

एक नजर में ▶ स्नान के तुरंत बाद भगवान को आया बुखार, 16 जुलाई तक बंद रहेंगे मंदिर के पट

## भगवान जगन्नाथ को पवित्र जल और फलों के रस से कराया स्नान



**इंदौर. निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर पर सोमवार को सुबह सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ को देश के 108 तीर्थस्थलों के पवित्र जल, सुगन्धित द्रव्यों एवं फलों के रस से स्नान कराया.**

ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर पुरी स्थित मुख्य मंदिर में भी भगवान जगन्नाथ को मंदिर की परम्परा के अनुसार शास्त्रोक्त विधि से स्नान कराया जाता है. आज स्नान के तुरंत बाद भगवान को 15 दिन के लिए बुखार आ जाने के कारण 16 जुलाई तक मदिर के पट बंद रहेंगे और उनके स्वस्थ होते ही 19 जुलाई को अन्नपूर्णा मंदिर से गोपाल मंदिर राजवाड़ा तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी.

इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि शीतल जल से स्नान के बाद भगवान को बुखार आ गया है, इस कारण 16 जुलाई तक मंदिर के पट बंद रहेंगे. इस बीच भगवान को बीमारी के चलते दूध-दलिया, उबली हुई सब्जियां, खिचड़ी, काढ़ा आदि का भोग लगाया जाएगा एवं जड़ी-बूटियों और औषधियों से उनका उपचार भी कराया जाएगा. रथ यात्रा संयोजक हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल एवं सह संयोजक भावेश दवे ने बताया कि स्नान यात्रा में महामनप्रभु, विशाल प्रभु, लक्ष्मण दास, गिरधर गोपालदास, श्रीनिकेतन दास, अच्युत गोपालदास, अद्विधरण दास, रणवीर दास सहित सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया. रथ यात्रा के रूप में भगवान 19 जुलाई को अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण करेंगे जो अन्नपूर्णा मंदिर से प्रारंभ होकर गोपाल मन्दिर राजवाड़ा तक होगा. मार्ग में अनेक स्थानों पर स्वागत मंच, तोरण द्वार एवं भक्तों के लिए फलाहार आदि की व्यवस्था भी विभिन्न संगठनों द्वारा की जाएगी.